दिनांकः 03.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेशभर में भाईदूज का पर्व पारम्परिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा –टीबी रोग के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम।
- मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में प्रदेश ने देशभर में बनाया कीर्तिमान– अक्टूबर महीने तक ई–पोर्टल के माध्यम से 32 मेजर मिनरल ब्लॉक की हुई सफल नीलामी।
- राज्य में ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट–दिन में गर्मी का असर बरकरार।

000

भाईदूज का पर्व आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय को ये पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाईयों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा करवाकर उनकी लम्बी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। कई स्थानों पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र भी बांधती हैं और भाई उन्हें उपहार देते हैं। दीपावली के दो दिन बाद मनाये जाने वाले इस पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन होता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाई दूज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शुभ त्यौहार भाइयों और बहनों के बीच स्नेह को गहरा करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी भाई–बहन के स्नेह और अटूट विश्वास के प्रतीक पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।
प्रदेश में भी भाईदूज का हर्षोल्लास छाया हुआ है। झालावाड़, पाली, टोंक, दौसा और जयपुर सहित सभी स्थानों पर भाईदूज पर्व की उमंग है। उधर, भीलवाडा जिले के मांडल कस्बे में कल गोवर्धन पूजा पर गायों बैलों की विधि विधान से पूजा की गई। बांसवाड़ा जिले में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। वहीं सम्मेद शिखर नसिया जी में मेले का आयोजन भी हुआ। अलवर में भी भाईदूज का पर्व पारम्परिक उल्लास से मनाया गया। केन्द्रीय कारागार में भी महिलाओं ने बंदी भाइयों के तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर भाईदूज पर्व मनाया।
वहीं जैसलमेर जिले में भी भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सोनार दुर्ग स्थित आराध्य देव लक्ष्मीनाथजी के मंदिर में आज बडी संख्या श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

000

त्यौहारी छुटिटयों के कारण प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की आवक बढ गई है। स्वर्ण नगरी जैसलमेर में पर्यटन सीजन परवान पर है। इन दिनों यहां अच्छी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंचे हैं। वहीं एक दिसम्बर से जयपुर से जैसलमेर के बीच हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। ये उड़ान सेवा रोजाना उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से जैसलमेर से दिल्ली और मुंबई के बीच हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पोकरण में भी पर्यटकों का आना जारी है। वहीं उदयपुर में सेलानियों की अच्छी संख्या को देखकर पर्यटन से जुडे व्यावसायी खुश हैं।

................

000

उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैया दूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रों के साथ विधि–विधान के अनुसार शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस मौके पर केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। इस यात्रा काल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की। कपाट बंदी के लिए मंदिर को दीपावली पर लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए

रवाना हुई। पंचमुखी डोली रात्रि प्रवास के लिए आज अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी, जबकि 4 नवंबर को श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी और 5 नवंबर को डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेंगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में ही होगी।

000

हनुमानगढ जिले में पूर्वांचलवासियों के पर्व छठ पूजा की तैयारियां की जा रही है। सार्वजनिक छठ प्रबन्ध समिति की ओर से आयोजित छठ महापर्व के उपलक्ष में श्रीगंगनहर के छठ घाट पर विधिवत पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रचार रथ को रवाना किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि छठ आयोजन के तहत कल हाउसिंग बोर्ड के शिव कुटिया से शोभायात्रा निकाली जाएगी। 6 नवम्बर की शाम छठ पर्व पर सूर्य को अर्घ दिया जाएगा। अगले दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ देने के साथ महोत्सव का समापन होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि टीबी रोग के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17 दशमलव 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

यह दर वैश्विक गिरावट 8 दशमलव 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है। कल सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि–क्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है।

000

..................

प्रदेश ने मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में देशभर में नया कीर्तिमान हासिल किया है। राजस्थान के माइंस और भूविज्ञान विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर महीने तक ई पोर्टल के माध्यम से 32 मेजर मिनरल ब्लॉक की सफल नीलामी की है। खान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति रही हैं और वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से मेजर मिनरल ब्लॉक्स तैयार कर पारदर्शी तरीके से भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से ई–नीलामी पर जोर रहा है। राजस्थान में पहली बार दो सोने की खान में से एक की माइनिंग लीज और एक की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी हुई है। गौरतलब है कि नए प्रावधानों के बाद देश भर में अब तक 419 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हुई है। जिसमें से राजस्थान में सबसे ज्यादा 86 मेजर मिनरल ब्लाकों की नीलामी हुई है।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने भी मतदाताओं से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया है। सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया कल से शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल ने बताया कि होम वोटिंग प्रक्रिया का पहला चरण आठ नवम्बर तक चलेगा।

..................

इस बीच उपचुनाव वाले क्षेत्रों में अवैध वस्तुओं के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। टोंक जिले के उनियारा में पुलिस ने अलीगढ़ क्षेत्र से एक गाड़ी से आज चार लाख रुपये की नकदी जब्त की।

000

जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती पर आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्टेच्यू सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर एक सुनियोजित बसावट वाला शहर है। स्वच्छता में इसे देश के तीन अग्रणी शहरों में शामिल करवाने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर जयपुर को सुदंर और स्वच्छ बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर जयपुर हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम

यादव भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी महाराजा सवाई जयसिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

000

प्रदेश में दो अलग अलग हादसों में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जालौर जिले के भीनमाल में एक मकान में आग लग जाने से दो बच्चों की झुलस जाने से मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण बिजली के शार्ट सर्किट को माना जा रहा है। दूसरा हादसा उदयपुर–बांसवाड़ा राजमार्ग पर बीती देर रात हुआ। यहां चिड़ियावासा गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। इससे कार में सवार तीन युवकों में से दो की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। कार सवार तीनों युवक दिवाली पर साबला से बांसवाड़ा शहर घूमने के लिए आए थे।

000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे सुबह–शाम गुलाबी ठण्ड का एहसास होने लगा है। वहीं दिन में अभी भी गर्मी का असर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 38 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान जैसलमेर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम 14 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान संगरिया में दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले एक सप्ताह राज्य में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

000